Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 22-12-2005

Participants : Gangwar Shri Santosh Kumar

>

Title: Regarding Ganga Action Plan.

श्री संतोा गंगवार (बरेली) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार के संज्ञान में एक बहुत ही महत्वपूर्ण िवाय लाना चाहता हूं। 'गंगा नदी' जिसे हम मां की उपाधि देते हैं, उसका जल बहुत वार्ों से महत्वपूर्ण स्थान रखता है। हम गंगा जल का आचमन करते हैं, परन्तु विगत कई वार्ों से गंगा नदी में प्रदूाण बढ़ता जा रहा है। इस बारे में निरन्तर कहने के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। 14 जून, 1986 को पूर्व प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी ने इसके प्रदूाण को ध्यान में रखकर लोगों को आश्वासन दिया था कि उन्हें वैसा ही निर्मल जल मिलेगा। पिछले 19 वार्ों में इस काम में 1800 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। अब यह बताया जाता है कि इसका जल आचमन करने योग्य बिल्कुल नहीं है और उस जल के नहाने से बीमारी हो सकती है। गंगा जल की जो मान्यता है, उस संदर्भ में बहुत समस्याएं सामने आ रही हैं। लोग इस बारे में सरकार को लिख रहे हैं।

मैं आपके माध्यम से सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि गंगा नदी में जितनी भी चीजें आती हैं, उनको रोकने की कोई प्रक्रिया नहीं हुई है। सारी फैक्टरियों के ट्रीटमैंट प्लांट बंद पड़े हैं। मेरा आपसे आग्रह है कि सरकार प्राथमिकता के आधार पर इस ओर ध्यान दे और कोई कार्य योजना बनाकर. एक्शन प्लान बनाकर उसे कार्यान्वित करे जिससे हम गंगा और अन्य नदियों को प्रदूाण से मुक्त कर सकें । इसी के साथ-साथ वाटर का जो लैवल नीचे जा रहा है, उसे भी हम दुरस्त करने का काम करें। वास्तव में गंगा नदी की जो मान्यता है, उसमें हम कुछ सहयोग दे पायेंगे।

मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि वे इस संबंध में एक कार्य योजना प्रस्तुत

करे।

MR. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2.10 p.m.

13.12 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till ten minutes

past Fourteen of the Clock[r33].